मनोहर बलवानी
कम्पनी सचिव
MANOHAR BALWANI
Company Secretary

सं:1:05:138:I:सीएस

दिनांक: 27 मार्च, 2019

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा, बांद्रा - कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई), मुंबई - 400 051	बंबई स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, कॉर्पोरेट सेवाएं विभाग, 25वां तल, पीजे टावर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई - 400 001

विषय: बोर्ड बैठक का परिणाम - सेबी (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 30 के अनुसार सूचना।

महोदय/महोदया,

हमारे दिनांक 22.03.2019 के पूर्ववर्ती पत्र के अनुक्रम में, सूचित किया जाता है कि पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) के निदेशक मंडल ने आज दिनांक 27 मार्च, 2019 को आयोजित अपनी बैठक में अन्य विषय के साथ-साथ वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए एक या अधिक ट्रांचों/सीरीज में विभिन्न ऋण सेगमेंटों के अंतर्गत संसाधनों के जुटाव अर्थात बाजार ऋण कार्यक्रम के लिए प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया है।

क्र.सं.	स्त्रोत	राशि (करोड़ रुपए में)
1	दीर्घावधि ऋण (रुपया): पुट-अप विकल्प के साथ/बिना 30 वर्ष तक की अवधि के लिए भौतिक और/या डीमेट रूप में सावधि ऋण और दीर्घावधि करयोग्य/करमुक्त बॉण्डों का पब्लिक/प्राइवेट प्लेसमेंट, निरंतर/रीडिमेबल, प्रतिभूत/अप्रतिभूत, संचयी/गैर-संचयी, गैर-परिवर्तनीय इंफ्रास्ट्रक्चर बॉण्ड/ जीरो कूपन बॉण्ड/ अधीनस्थ बॉण्ड/ मुद्रास्फीति इंडेक्स बॉण्ड/ 54 ईसी के अंतर्गत पूंजीगत लाभ बॉण्ड तथा जिसे एनएसई और/या बीएसई में सूचीबद्ध किया जा सकता है - इस सीमा से अलग रखने के लिए वर्ष के दौरान जुटाई एवं पूर्व-भुगतान की गई दीर्घावधि निधियां	45,000
2	दीर्घावधि विदेशी मुद्रा ऋण ऋण/उप ऋण/निरंतर बॉण्ड/अधीनस्थ बॉण्ड/बॉण्ड/नोट/एफ़सीएनआर(बी) ऋण अथवा कोई अन्य इन्स्ट्रूमेंट जिसमें विदेशों में जारी रुपया मूल्यवर्ग बॉण्ड/नोट शामिल है (यूएस डॉलर 1.5 बिलियन @ 1 यूएस डॉलर = 71 रुपए)	11,000
3	अल्पावधि ऋण: अल्पावधि ऋण/आईसीडी/एफ़सीएनआर(बी) - वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान किसी भी समय बकाया। इस सीमा से अलग रखने के लिए वर्ष के दौरान जुटाई एवं पूर्व-भुगतान की गई अल्पावधि निधियां	7,000
4	वाणिज्यिक पेपर: वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान किसी भी समय बकाया। इस सीमा से अलग रखने के लिए वर्ष के दौरान जुटाए एवं पूर्व-भुगतान किए गए वाणिज्यिक पेपर	18,000
	कुल	81,000

- सभी फंक्शनल निदेशकों की अनुशंसा पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, पीएफसी को 81,000 करोड़ रुपए की समग्र सीमा के भीतर उपर्युक्त विवरण के अनुसार विभिन्न स्त्रोतों में से राशि को एक-दूसरे से बदलने हेतु अनुमोदन प्रदान करने के लिए प्राधिकृत किया गया है।
- उपर्युक्त बाजार कार्यक्रम के अंतर्गत निधियों को निदेशक मंडल द्वारा इस संबंध में प्रत्यायोजित शक्तियों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान समय-समय पर वास्तविक रूप से जुटाया जाएगा।

बोर्ड बैठक दोपहर 12.00 बजे शुरू होकर 2.20 बजे समाप्त हुई।

सूचना एवं रिकॉर्ड हेतु प्रस्तुत।

धन्यवाद,

भवदीय,
कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(मनोहर बलवानी)
कंपनी सचिव
mb@pfcindia.com